कविता की रचना

(ख) नीचे एक स्तंभ में कविता की पंक्तियों की कुछ विशेषताएँ दी गई हैं और उनसे संबंधित पंक्तियाँ दूसरे स्तंभ में दी गई हैं। कविता की विशेषताओं का सही पंक्तियों से मिलान कीजिए-

(संकेत - आप कविता की पंक्तियों में कुछ और विशेषताएँ भी खोज सकते हैं।)

	कविता की विशेषताएँ		कविता की पंक्तियाँ
1.	पंक्ति के अंतिम शब्द की ध्वनि आपस में मिलती-जुलती है।	1.	कह गिरिधर कविराय यहै करु मन परतीती।।
2.	कवि के नाम का उल्लेख किया गया है।	2.	ताही में चित देइ बात जोई बनि आवै। दुर्जन हँसै न कोइ चित्त में खता न पावै।।
3.	एक-दूसरे के विपरीत विचार एक साथ आए हैं।	3.	बिना बिचारे जो करै सो पाछे पछिताय।
4.	एक ही वर्ण से शुरू होने वाले एक से अधिक शब्द एक ही पंक्ति में आए हैं।	4.	बीती ताहि बिसारि दे आगे की सुधि लेइ।